श्री माँ शरणम्

श्री मार्कण्डेय पुराणाधृत मूल मात्रम्

श्रीदुर्गासप्तशती

सबके पढ़ने योग्य अति सरल संस्कृत भाषा में

तां दुर्गां दुर्गमां देवीं दुराचारविघातिनीम्।
नमामि भवभीतोऽहं संसारार्णवतारिणीम्।।

सम्पादक :

स्वामी श्रीआगमानन्दजी महाराज

प्रकाशक :

श्रीमद्भागवतकथा ज्ञानयज्ञ समीति
उसराहा, बेलदौर, खगड़िया

Shree Durgasaptsatee
Ed. by-Swamee Aagmanandjee
श्रीदुर्गासप्तशती (सरल संस्कृत भाषा मे)
प्रथम संस्करण : विक्रम संवत् २०६८
भाद्रकृष्ण : अघोर चतुर्दशी
२८/०८/२०११ ई० रविवार

प्रकाशन कर्त्ता : श्रीमद्भागवतकथा ज्ञानयज्ञ समीति
उसराहा, बेलदौर, खगड़िया

प्रकाशक : मानस प्रकाशन, नवगछिया

सर्वाधिकार © – सम्पादक/प्रकाशक

पुस्तक प्राप्ति स्थल :

- श्रीकृष्णा बुक सेलर, स्टेशन रोड, भागलपुर
- किताब घर, भारतीय स्टेट बैंक के सामने मेन रोड, नवगछिया
- माया मेडिकल हाल, काली बाड़ी रोड, कटिहार

सहयोग राशि –

टंकक (कम्पोजिटर) : Niraj Kumar, Bhagalpur

मुद्रक : सृजन प्रेस, भागलपुर

आत्म-निवेदन

भारत में धर्म-दर्शन, सभ्यता-संस्कृति के उत्कृष्ट ज्ञान-विज्ञान से संवलित आध्यात्मिक-वाङमय का विपुल भंडार समुपलब्ध है। सनातन हिन्दू-धर्म में जितने आध्यात्मिक ग्रंथ विद्यमान हैं उतना दुनियाँ के किसी भी धर्म में नहीं है। वेद-चतुष्टय से लेकर समस्त संत-साहित्य हमारी अमूल्य निधियाँ हैं। वैदिक-साहित्य के साथ तांत्रिक-साहित्य का भी प्राचुर्य है।

सर्वविदित है कि समग्र ग्रंथावलियों में शक्ति-उपासना की दृष्टि से श्रीदुर्गासप्तशती हिन्दू-धर्म का सर्वप्रसिद्ध, सार्वदेशिक, सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सर्वमान्य धर्म-ग्रंथ है। यह वैदिक और तांत्रिक साधकों के बीच समान रूप से समादृत है। इसमें भगवती की कृपापूर्ण इतिहास के साथ कृपापात्र सुरथ और समाधि की साधना और उपलब्धि का सुस्पष्ट और सत्य-वर्णन उल्लिखित है। जब राजा सुरथ ने महर्षि मेधा से अपने कल्याण का सर्वोत्तम उपाय पूछा- तो महर्षि ने बड़े ही सारगर्भित शब्दों में उत्तर दिया-

तामुपैहि महाराज शरणं परमेश्वरीम्।
आराधिता सैव नृणां भोगस्वर्गापवर्गदा।।(13/4-5)

अर्थात् "महाराज! आप उन्हीं भगवती परमेश्वरी दुर्गा की शरण ग्रहण कर आराधना कीजिए। वे ही आराधना से प्रसन्न होकर मनुष्यों को सम्पूर्ण भोग (ऐश्वर्य), स्वर्ग तथा मोक्ष प्रदान करती हैं।" मेधा ऋषि के निर्देशानुसार आराधना-उपासना कर राजा सुरथ ने अपना खोया साम्राज्य तथा समाधि वैश्व ने तत्त्वज्ञान के द्वारा मोक्ष प्राप्ति की। अतः कहना समीचीन होगा कि सप्तशती में कर्म, ज्ञान और भक्ति की त्रिवेणी है। अनेक गूढ़-साधनात्मक रहस्यों से परिपूर्ण यह भक्तों के लिए कामधेनु और कल्पतरु के सदृश्य सद्यः फलदायी है। आशीर्वादात्मक मंत्रमय यह ग्रंथ सभी वर्णों और वर्गों के लिए समान रूप से कल्याणकारी है।

श्रीदुर्गासप्तशती के अनेक संस्करण अनेक सम्पादक महोदय के द्वारा अनेक प्रकाशनों से अनुदित सम्पादित और प्रकाशित हैं। किन्तु सप्तशती जैसे सामासिक गंथों की दुरूहता और क्लिष्टता के कारण अधिकांश लोग पढ़ नहीं पाते थे और अशुद्ध उच्चारण हेतु डरते भी थे। लोक कहावत भी है कि जूता सिलाई सबसे सरल काम है और चंडीपाठ सबसे कठिन। साथ ही कहा जाता है कि पाठ में चंडी, हवन में कुशकण्डी और श्राद्ध में सपिण्डी कठिन है और इसे जो विधिवत् जनता है वही पंडित है। ये सारी बाते तो लोक में प्रसिद्ध है ही किन्तु सबमें एक महत्त्वपूर्ण बातें है कि माता की उपासना में किसी को कोई भय नहीं होनी चाहिए। निर्विशेष ब्रह्म अथवा ईश्वर का मातृत्व रूप भक्त्यात्मक दृष्टिकोण से सर्वोपरि माना जाता है। जब सबसे हिंसक पशु सिंहनी भी अपने शिशु के प्रति वात्सल्य भाव रखती है तो जगदम्बा भला शिशु के प्रति अपने अनन्त वात्सल्य और स्नेह को कैसे छोड़ सकती है? एक छोटा शिशु जब माँ की गोद में मल-मूत्र त्याग करता है और बार-बार रोता है तो माँ उसे कोई दण्ड नहीं देती। विस्तर पर जब बच्चा रात्रि में मल-मूत्र त्याग करता है तो स्वयं गीले स्थान पर सोकर बच्चे को सूखे स्थान पर लिटाती है। जो बच्चा दूध भी नहीं मांग सकता है वह जब भूख से व्याकुल होकर रोने लगता है तो माँ सारे काम को छोड़कर आती है और पहले उसे अपना अमृतमय दूध पिलाती है। फिर बच्चा चुप हो जाता है। बच्चे की सारी, सुख-सुविधा का जितना ख्याल माँ रखती है उतना पिता नहीं रख सकते। इसीलिए माता को ममता, करुणा, वात्सल्य और स्नेह-प्रेम की साक्षात् मूर्ति मानते हैं। भूख से पीड़ित पक्षी (मादा) अपने

बच्चों को पहले अपने चंचु से उसके चंचु में भरकर खिलाते हैं फिर अपनी क्षुधा तृप्ति करते हैं। क्या इस मातृत्व-भाव का कहीं कोई मिशाल है? जब जगदम्बा के द्वारा सृष्ट पशु-पक्षियों में शिशु के प्रति इतनी ममता और करुणा है तो जगदम्बा में भला ममत्वहीनता, अकरूणा और अवात्सल्यता कैसे हो सकती है? कभी संभव ही नहीं है। वशर्ते कि माँ के उपासना-आराधना में साधक का शिशु-भाव हो। अज्ञानता, अल्पज्ञता, अक्षमता और आत्मसमर्पित भाव ही मातृ-शक्ति उपासना का संबल होता है। शिशु-भावी साधक से जितनी गलतियाँ हो वह अभिमान रहित होता है और उसे माता सहज भाव से क्षमा कर देती है। माता की महिमा कहाँ तक कही जाय। भगवान श्रीमदाद्य शंकराचार्यजी महाराज तो यहाँतक लिखते हैं-

"कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति।"

अर्थात् "पुत्र कुपुत्र हो सकता है किन्तु माता कभी भी कुमाता नहीं होती है।"

साथ ही - "अपराधपरम्परापरं न हि माता समुपेक्षते सुतम्।"

अर्थात् "पुत्र अपराध-पर-अपराध क्यों न करता जाता हो फिर भी माता उसकी उपेक्षा नहीं करती।"

इस प्रकार शास्त्रों में, महान ऋषियों-मुनियों एवं आचार्यों ने मातृ शक्ति उपासना के वैशिष्ट्य वैलक्षण्य का वैविध्यपूर्ण प्रतिपादन कर उसकी महत्ता को अक्षुण्ण रखा है। अनेक शास्त्रीय-लौकिक दृष्टांत भरे-पड़े हैं जिससे मातृ-सत्ता की पूजा-अर्चना, आराधना-उपासना की महत्ता जाना जा सकता है।

एक बात और ध्यान देने योग्य है कि अहंकार भगवान या भगवती को प्रिय नहीं है। वह उनका भोजन है अतः अहंकार पूर्वक यदि कोई शुद्धचंडी पाठ का दावा करते हैं तो यह भी महान मूर्खता है। अतः मातृत्व-साध्ना में भय वहीं है और उन्हीं को लगता

है जिसमें सर्वज्ञता का अभिमान हो। और फिर यही अभिमान उसे पतन और सर्वनाश के गर्त्त में गिरा देता है। मधु-कैटभ, महिषासुर, रक्तबीज तथा निशुंभ-शुंभ का अभिमान ही तो उसके सर्वनाश का कारण बना।

निश्छल शिशु-भाव से की गयी उपासना सर्वदा कल्याणकारिणी होती है। एक कथा है - एक पंडितजी कहीं दुर्गापाठ करते थे। वे "नमस्तस्यै नमो नमः" न कहकर 'नमस्तस्मै नमो नमः'। बोलते थे। किन्तु भावना शुद्ध थी। पाठ कराने बाले थोड़े पढ़े लिखे थे और दूसरे विद्वान पंडित भी साथ थे। पंडित जी ने कहा ये तो अशुद्ध पाठ करते हैं "नमस्तस्यै" के बदले नमस्तस्मै बोलते हैं। घरवालों ने और पंडितजी ने उन्हें खूब डाँटा। कहा-कल से आप पाठ नहीं करेंगे। क्योंकि व्याकरण-दृष्टि से स्त्रीत्व-भाव से नमस्तस्यै शुद्ध है। नमस्तस्मै तो पुरुष के लिए होता है। पंडितजी दूसरे दिन पाठ करने नहीं आए। माता जगदम्बा ने दूसरे दिन पंडितजी और घरवालों को स्वप्न में कहा-अरे मूर्ख! मेरा वह पुत्र निश्छल-भाव से पाठ करता था। उसके मन में अद्वैत-वेदान्त का भाव था। देव्यथर्वशीर्ष में मेरी उद्घोषणा है - "अहं ब्रह्मस्वरुपिणी। मतः प्रकृति-पुरुषात्मकं जगत्।" अर्थात् मैं ही ब्रह्मस्वरुपा हूँ। मुझसे ही प्रकृति-पुरुष मय जगत् उत्पन्न हुआ है।" अर्थात् मैं ही स्त्री और पुरुष हूँ। अतः मुझे केवल स्त्री मानना मूर्खता है। मैं पुरुष भी हूँ या भी दोनों से परे या प्रकृतिपुरुषमयी ब्रह्म-स्वरुपा हूँ। अतः वह भोले-भाव से अद्वैत भाव में परिनिष्ठित होकर "नमस्तस्मै कहता है न कि अज्ञानता और मूर्खता से। अतः इससे क्षमायाचना कर पाठ कराओ तुम्हारा कल्याण होगा। बड़े विद्वान पंडित और घरवालों का भ्रम दूर हुआ और उनसे क्षमा याचना कर पाठ कराने लगे। इस तरह भक्ति या उपासना में भाव की प्रधानता होती है ज्ञान की नहीं।

किन्तु हाँ व्यक्ति ज्ञानी होकर यदि भाव न रखता हो और "भार्या रक्षतु भैरवी" के बदले भार्यां भक्षतु भैरवी कहे तो अनिष्ट फल से भी अनपेक्षित नहीं रह सकता। यदि पढ़ने में कुछ भी उच्चारण हो, भाव भक्ति युक्त हो और विनम्र भाव से साधक क्षमा याचना कर लें तो फिर सभी अपराध माता क्षमा कर देती है। कहा भी गया है -

न काष्ठे विद्यते देवा न पाषाणे न मृण्मये।
भावो हि विद्यते देवा तस्मात् भावस्य हि कारणम्।।

अर्थात् देवता न काठ में, न पत्थर में और न मिट्टी में रहते हैं। 'भावो मिच्छंति देवता' के सिद्धान्त से वे भाव से प्रकट होते है। भाव ही देवता की प्रसन्नता का मूल कारण है।

निष्पक्ष दृष्टि से यदि विचार किया जाय तो पता चलता है कि सम्पूर्ण भारत वर्ष एवं विदेशों में भी शारदीय नवरात्र व्रत उपासना करने वालों की संख्या सर्वाधिक है। फिर ईश्वर के मातृत्व स्वरुप की उपासना करने वाले भी अधिकाधिक हैं। मातृ-उपासना का यानी शक्ति आराधना का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ श्री दुर्गा सप्तशती है। इसके सामासिक शब्दों को देख लोग पढ़ने से डरते हैं। अधिकांश प्रकाशित ग्रंथों में संयुक्त शब्दावलियों और सामासिक शब्दों के कारण ही इसका पाठ करना कठिन लगता है। कुछेक भाष्यकारों ने थोड़ा-बहुत सरल करने का प्रयास किया है। लेकिन जिस रूप में तोड़ने पर थोड़ा संस्कृत जानने वाले या हिन्दी भाषी भी अच्छी तरह पाठ कर सकें, इसका प्रायः अभाव था। इसी की पूर्ति के लिए, मैंने व्याकरण के लिहाज से नहीं बल्कि उच्चारण एवं शुद्ध पाठ के प्रयास के हिसाब से संयुक्त व्याकरणिक सामासिक शब्दों का विच्छेदन बहुजन हिताय बहुजन सुखाय" को ध्यान में रखकर आम-आवाम भक्तिमान जनमानस के लाभ के लिए किया है। यह मेरी अनधिकार चेष्टा है कि संस्कृत-भाषा के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ करना। किन्तु मेरे इस बाल-चपल स्वभाव एवं अशास्त्रीय प्रयास से यदि पाठकों में देवभाषा संस्कृत के प्रति थोड़ी भी श्रद्धा-निष्ठा जगती है

और माता की आराधना के लिए भक्ति-भाव जाग्रत होती है तो मेरे अनधिकृत श्रम की सार्थकता होगी। हाँ इसके लिए मैं व्याकरण और साहित्य के अनावश्यक चूल हिलाने वाले, समालोचक आचार्यों से क्षमा प्रार्थी हूँ। आशा है अल्पज्ञ संस्कृत भाषी के साथ विज्ञ संस्कृतज्ञों को भी इससे आनन्द लाभ मिले। यह मेरी नहीं गुरुदेव और पराम्बा की प्रेरणा और कृपा है। प्रस्तुत सरल सर्वपठनीय दुर्गासप्तशती का पाठक्रम का आधार श्रीगीताप्रेस, गोरखपुर द्वारा प्रकाशित सप्तशती ही है। तथापि जन मानस के विशेष लाभ के लिए कुछ स्तोत्र और आरती बढ़ा दिये गये हैं। आशा है अगले संस्करण में कुछ और स्तोत्रों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। सम्प्रति इसमें पाठ-पूजा विधि भी अति संक्षिप्त और सबके लिए है। आगे विस्तृत पाठ विधि एवं पूजा-विधि संयुक्त हो सकता है।

जिनके कृपाशीष से प्रस्तुत सरल-संस्करण श्रीदुर्गासप्तशती का निकला है उन पूज्या-पूज्य माता-पिता, समस्त शिक्षा-गुरुवृन्दों एवं ब्रह्मविद्या प्रदायक सर्वदा वंदनीय समस्त आध्यत्मिक श्रीसदगुरुदेवभगवान के पुनीत पाद-पद्मों में अनन्त कोटि नमन निवेदित है। विज्ञजनों एवं मित्रों के प्रति भी आभार प्रकट करता हूँ। अपने समस्त अन्तेवासियों को आध्यात्मिक एवं अन्य अभ्युन्नति के लिए आशीष देता हूँ। प्रकाशक एवं मुद्रक को साधुवाद देता हूँ। आशा है पराम्बा के इस प्रेरणा प्रसूत कार्य से सभी लाभान्वित हो उनकी कृपा प्राप्त करेंगे।

प्रस्तुत संस्करण का प्रकाशन श्रीमद्भागवतकथा ज्ञानयज्ञ समीति, उसराहा, बेलदौर खगड़िया के पावन सहयोग से हुआ है। इसके लिए समीति के सभी लोग अशेष के धन्यवाद के पात्र है। प्रकाशन में शीघ्रता तथा भूल एवं प्रमादवश हुई त्रुटियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए मनीषियों के अभारी रहेंगे।

पराशक्तिपादाम्भोजरसपायक

आगमानन्द

प्रकाशकीय वक्तव्य

श्रीदुर्गासप्तशती शक्तिसाधना का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण धर्म-ग्रंथ है। सम्पूर्ण भारत में अनेक प्रकाशन स्थल से अनेक महान मनीषियों के द्वारा श्रीदुर्गा सप्तशती सम्पादित हुआ है। किन्तु वह व्याकरणिक संयोग और सामासिक-शैली के कारण अत्यन्त कठिन है। यहाँ तक कि बड़े-बड़े ज्ञानी-पंडित लोग भी भूल कर बैठते है और आम-आवाम लोग पढ़ने में भय महसूस करते हैं। भारत में शक्ति-उपासकों का एक विराट् समूह है। अतः चाहकर भी सप्तशती ने पढ़ने वालों, के पढ़ने के लिए आम-आवाम जनता के धर्मलाभ के लिए सरल-संस्कृत संस्करण पूज्य स्वामी आगमानन्द जी महाराज ने प्रस्तुत कर एक महान कार्य किया है। पढ़ने के बाद इसकी सरलता-सहजता का अनुभव लोग करेंगे। यह एक साथ विद्वानों तथा सामान्य संस्कृत-हिन्दी जाननेवालों के लिए उपकारक सिद्ध होगा ऐसा मेरा विश्वास है।

अन्य प्रकाशनों की अपेक्षा इसका अल्प संख्या में प्रकाशित होने के कारण कुछ अधिक मूल्य या सहयोग लग सकता है फिर भी प्रकाशन खर्च में ही हम यह आप पाठकों को उपलब्ध करा रहें है। इसका जितना प्रचार-प्रसार वितरण और दान होगा उतना ही जन देवता का कल्याण होगा। आशा है स्वामी जी कृपा और अम्बा की दया हम सभी पर वरसती रहेगी। त्रुटियों पर हमारा ध्यान विद्वान पाठक केंद्रित करेंगे।

प्रकाशक-निवेदक :
श्रीमद्भागवतकथा ज्ञानयज्ञ समीति
उसराहा, बेलदौर, खगड़िया

अतिसंक्षिप्त पूजन और दुर्गापाठ विधि

भारतीय आध्यात्मिक वाङ्मय के वैदिक और तांत्रिक उपासना में सभी देवी देवताओं के पूजन-अर्चना का अत्यन्त सुविस्तृत विधान मिलता है। इनमें पंचोपचार, दशोपचार, द्वादशोपचार, षोडशोपचार, अष्टादशोपचार चतुःषष्टि उपचार या राजोपचार तथा मानसोपचार ये प्रमुख उपचार कहे जाते हैं। सभी देवी देवता की अपेक्षा शक्ति की आराधना के व्यापक आयाम हैं। शक्ति-आराधना में भी उपरोक्त सभी उपचारों से पूजन का विधान है। इनमें से विशिष्ट साधकों के लिए राजोपचार श्रेष्ठ है और फिर अतिविशिष्ट अध्यात्म-साधकों या फिर भक्ति-भाव से युक्त साधकों के लिए मानसोपचार या भावोचार पूजन सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

मानसोपचार को छोड़कर वैदिक पद्यति में शेष सभी उपचारों में वस्तु की अनिवार्यता तथा वैदिक मंत्रों के द्वारा प्रत्येक वस्तुओं से पूजन-कार्य सम्पन्न होता है। तांत्रिक पद्यति में वस्तुओं के अर्पण के क्रम में तांत्रिक मंत्रों (कतिपय वैदिक मंत्रों) या फिर नाम-मंत्रों से पूजन क्रियाएँ सम्पन्न होती है। वैदिक और तांत्रिक दोनों पद्यतियों में सकाम या कामना से यक्तु भक्तों के लिए विविध वस्तुओं एवं अर्पण के लिए उपयुक्त मंत्रों की आवश्यकता मानी जाती है। निष्काम यानी कामना से रहित भक्त-साधकों के लिए वस्तु एवं मंत्रों की आवश्यकता पूजन क्रम में है भी और नहीं भी है। यदि सामर्थ्य और उपलब्धि है तो ठीक है पर यदि नहीं है तो वस्तु एवं मंत्रों की अनिवार्यता भी नहीं है। भारतीय उपासना पद्धति में वेद के तीन कांड-कर्मकाण्ड, ज्ञानकाण्ड और उपासना (भक्ति) कांड इन सभी का आश्रय लिया जाता है। तंत्र-जगत में भी बाम, दक्षिण और दिव्यमार्ग इन तीनों पद्यतियों का आश्रय लिया जाता है। मिश्र पद्यति में तीनों के समाश्रयण में भक्ति भाव और दिव्य भाव की मुख्यता रह जाती है। वेदोक्त पद्यतियों में भी सकाम भक्तों के लिए तो कर्मकाण्ड अनिवार्य है। पर उत्तरोत्तर आगे बढ़ने पर ज्ञान और भक्ति की मुख्यता रह जाती है। इसमें भी भक्ति को सभी शास्त्रों और आचार्यों ने सर्वश्रेष्ठ माना है। इसी प्रकार तंत्रशास्त्रों में भी दिव्य-भाव को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। मिश्र मार्ग में सभी के सम्मिश्रण से दिव्य भक्ति भाव का भास्कर उदित

होता है और इसे वेद तथा तंत्र में अतिमहत्त्व दिया गया है। निष्काम भक्तों साधकों के लिए यही दिव्यभक्ति भाव उत्कृष्ट माना गया है जिसे हमारे आध्यात्मिक-साहित्य में महाभाव या पराभक्तिभाव या सहज भक्तिभाव या प्रेमाभक्ति भाव आदिनामों से अभिहित किया गया है। अत: निष्कर्ष निकलता है कि हमें तीनों वैदिक काण्डों का सम्मान एवं तंत्रमार्गों की उपासना पद्यतियों का यथासमय सम्मान करते हुए वैयक्तिक-साधना या निजी-आराधना या आत्म-उपासना में दिव्य भक्ति-भाव का ही मूलत: आश्रय ग्रहण करना चाहिए। शास्त्रों में भी मानसोपचार को श्रेष्ठ माना गया है और वहाँ विविध वस्तुओं की कल्पना केवल मानस में करके उसका मानसिक-अर्पण देवताओं को किया जाता है। किंवहुना यहाँ भी भक्ति की ही प्रधानता है। अत: अब विशेष निष्कर्ष की ओर न जाकर भक्ति-भाव से जगदम्बा दुर्गा या किसी देवी देवता की पूजा-अर्चना-आराधना-उपासना करने वाले साधकों के लिए कर्मकाण्ड के अतिसंक्षिप्त पूजन-पद्यति का वर्णन करना उपयुक्त होगा।

सर्वप्रथम नित्यक्रिया से निवृत होकर पूजा स्थल पर उपलब्ध पूजन-सामग्री लेकर बैठ जाएँ। फिर अपने दाएँ हथेली में तीन बार जल लेकर अपने इष्टदेव का स्मरण आचमन करें यानी पी ले। फिर अपने उपर और पूजन वस्तु पर अपने दृष्टदेव का मंत्र या नाम लेकर अपने उपर और सामान के उपर जल छिड़क लें। फिर पृथ्वी और आसन को क्षमा-याचना पूर्वक प्रणाम कर लें। इसके बाद अपने मस्तक पर अपने सम्प्रदाय के अनुसार या फिर भस्म रोली या सिंदूर का तिलक लगा लें चावल भी दे दे। फिर शिखा-स्थान रटीक यानी ब्रह्मरंध्र को हाथ से स्पर्श कर गायत्री या चिद्रूपिणी मंत्र या इष्टदेव का मंत्र या गुरु-मंत्र का तीन बार उच्चारण करें ताकि सहस्रसार चक्र तक कुण्डलिनी स्वत: जाग्रत होकर पहुँच जाय। उच्चारण के क्रम में भावना यह रखनी चाहिए कि मेरे गुरुदेव और इष्टदेवता मेरे मस्तक पर यानी ब्रह्मरंध्र या सहस्रार पर विराजमान हो गए। फिर तीन बार गायत्री या सावित्री मंत्र से या अपने इष्टमंत्र गुरु-मंत्र का स्मरण करते हुए पूरक कुंभकरेचक प्राणायाम करे लें। फिर दीक्षित हो तो अपने गुरुदेव का या किसी भगवान या भगवती का स्मरण जप ध्यान कर लें फिर अपने गुरु-प्रदत्त मंत्र या किसी भी शास्त्र सम्मत ईश्वरीय मंत्र का जप ध्यान कर लें। फिर गणेश-अम्बिका

माता-पिता एवं सभी देवी-देवता का स्मरण करते हुए उन्हें प्रणाम करते हुए (उपलब्ध हो तो मंत्रों से संकल्प हेतु सभी सामान लेकर) अन्यथा केवल जल या फूल हाथ में लेकर या मानसिक रूप से संकल्प करें या बोलकर -

"हे माता दुर्गे! मैं उपलब्ध वस्तुओं, भावों, मंत्रों स्तुतियों आदि के द्वारा तुम्हारी पूजा-अर्चना उपासना कर रहा हूँ। माते! आप मेरा कल्याण करें।"

फिर माता का और अन्य सभी देवों का चित्र पूजा घर या स्थल में या मंदिर में रखा हो वहाँ बढ़िया से फूल आदि से सजा दें। उपलब्ध वस्तुओं का नैवेद्य चढ़ा दे। दीपक और धूपवती या अरवत्ती जला दें। फिर एक फूल या वेलपत्र लेकर सभी देवताओं का स्मरण कर माँ का ध्यान करें और फूल को माँ के आगे रख दें या अपने मस्तक पर रख दे या दाएँ कान पर भी रख लें और भावपूर्वक मन में बोले

"माँ मैं तुम्हें बुला रहा हूँ। आओ और इस मेरे दिये हुए पवित्र आसन पर विराजों मैं तुम्हारी पूजा-अर्चना भाव से करूँगा।"

किसी पात्र में पाँच बार जल छोड़ते हुए मन ही मन बोलें -

"यह पवित्र जल तुम्हारे पाँव-धोने, अर्ध्यलेने, आचमन करने, स्नान करने एवं पून: आचमन करने के लिए अर्पित कर रहा हूँ।"

फिर चार अंगुल का माली धागा तोड़कर अपित करते हुए भावना से बोले -

"माँ दुर्गे! यह उपलब्ध सूत्र-वस्त्र, सौभाग्य सूत्र और उपवस्त्र अर्पित कर रहा हूँ।"

फिर फूल में चंदन चढ़ावे देवि! अर्पित चंदन को ग्रहण करो। इसी प्रकार फूल में हरिद्रा (हरदी) चूर्ण, कुंकुम (रोली); सिन्दूर, काजल, दूर्वा (दूमड़ी), बेलपत्र, शभी पत्र, फूल, उपलब्ध हो तो फूल की माला, सुगन्धित द्रब्य (सेंन्ट या इत्र), अबीर, गुलाल चढ़ावें। फिर जहाँ धूप-दीप जलता हो वहाँ चावल या जल या पूष्प दे दें। नैवेद्य सामने रख दें या रखे हुए नेवैद्य पर 1 फूल या बेलपत्र रख दें और भाव रखें -

"हे अम्बिके इस उपलब्ध नैवेद्य को ग्रहण करो तुम्हारी वस्तु तुम्हें ही अर्पित

कर रहा हूँ।" इसके बाद 5 बार जल दें।

इसके बाद एक सम्पूर्ण काल अर्पित करें। कामना करें कि "माँ मुझे भी पूर्ण फल प्रदान करो। तत्पश्चात् 1 पान का बीड़ा लगाकर उसमें -नागकेश्र, कपूर, जावित्री, कत्था, लौंग, इलाइची, सुपाड़ी देकर माँ को अर्पित करें। इतना ना हो सके तो 1 पान के पत्ते पर सुपाड़ी लौंग इलाइची और थोड़ा कपूर रखकर देवि के आगे चढ़ा दें। इसके बाद 1 सिक्का या जो बन पड़े वो द्रव्य-दक्षिणा अर्पित करें। फिर पाठ करें -

"यहाँ माता दुर्गा के भावोचार पूजन की संक्षिप्त विधि भक्तों के लिए वर्णित है। यहाँ यह कल्पना करके अर्पित करें कि मैं दुर्गा के साथ सभी देवताओं को अर्पित कर रहा हूँ। पूजन की विशेष जानकारी की इच्छावाले साधक गीताप्रेस के नित्य कर्मपूजा प्रकाश आदि ग्रंथों को देखें या फिर विज्ञ आचार्यों से सम्पर्क करें। संभव है अगले संस्करण में इस विधि के साथ विस्तृत पूजन विधि प्रकाशित हो"

श्रीदुर्गासप्तशती पाठ विधि

श्रीदुर्गा सप्तशती की पाठ-विधियों का वर्णन विभिन्न तंत्रादि ग्रंथों में विविध रूपों में मिलता है। यहाँ गीता-प्रेस द्वारा प्रकाशित एवं अन्य ग्रंथों तथा अनेकानेक सिद्ध-साधकों के अनुभव से निकले हुए वचनामृतों के आधार पर सबके हित के लिए सरल एवं सारगर्भित विधि प्रस्तुत किया जा रहा है।

सर्व प्रथम पुस्तक को अपने से उँचे आसने (पीठा/पाटा/या छोटे टेबुल) पर एक लाल कपड़ा बिछाकर रख दें। फिर उस पर पुस्तक (दुर्गासप्तशती को विराजमान करें। पुनः 1 फूल लेकर पुस्तक उपर रखकर या कहकर प्रणाम करें - "हे शब्दब्रह्मस्वरूपा महा सरस्वीरूपा श्री दुर्गा जी! आपको प्रणाम कर में पाठ का आरंभ करता हूँ।"

❑ सबसे पहले जो विधिवत् सम्पूर्ण पाठ अर्थात् षडंग तेरह अध्यायों का न्यासादि के साथ पाठ करके हैं या करना चाहते हैं उनके लिए पाठ का क्रम निर्दिष्ट कर रहा हूँ। -

सर्वप्रथम माँ का ध्यान करके ब्रह्मा, वशिष्ठ विश्वामित्र-इन

तीनों ऋषियों का ध्यान कर शापोद्धार यानी श्रीचंडिका-शाप-विमोचन मंत्रों का पाठ करें इसमें विनियोग जहाँ-जहाँ है वहाँ पढ़कर पृथ्वी पर जल गिरा दें या 1 फूल या थोड़ा अरवा चावल माँ के सामने रख दें। फिर क्रमशः शोपाद्धार, सिद्धि-कुंजिका-स्तोत्रम, श्रीदेव्याः कवचम्, अर्गला-स्तोत्रम्, कीलक-स्तोत्रम्, वेदोक्त रात्रि-सूक्तम्, तंत्रोक्त रात्रिसूक्तम्, श्रीदेव्यथर्वशीर्षम्, श्री नवार्ण मंत्र जप विधि सप्तशती न्यास कर दुर्गा का ध्यान करके 1 फूल माँ को अर्पित करें और क्रमशः एक से तेरह अध्याय का पाठ मीठे स्वर में, अक्षरों के स्पष्ट उच्चारण, एक लयता के साथ धैर्यपूर्वक करें। तेरहवां अध्याय समाप्त होने पर फिर श्री नवार्ण मंत्र जप विधि, सप्तशती न्यास, ध्यान, ऋग्वेदोक्त देवी सूक्तम्, तंत्रोक्त देवी सूक्तम्, प्राधानिक रहस्य, वैकृतिक रहस्य, मूर्तिरहस्य का पाठ कर आरती और क्षमा प्रार्थना करें। इच्छा हो और समय हो दिन में ही या फिर रात्रि में, दुर्गामानसपूजा, दुर्गा-द्वा-त्रिशन्-नाममाला (32 नाम), दुर्गाष्टोत्तर शतनाम् (108 नाम) श्री रामकृत दुर्गास्तोत्र, श्रीकृष्णकृत दुर्गा स्तोत्र, श्रीदुर्गा आपदुद्धार स्तोस्त्र, श्री भवान्यष्टकम् श्रीशंकराचार्यकृत क्षमापन स्तोत्र के बाद आरत मंत्रपुष्पांजलि और क्षमा प्रार्थना करें। पाठ के बाद या दुर्गा पूजन के बाद 1 आचमनी जल माँ के पास पाय में या भूमि घर गिरा दें। भाव यह रहे कि "हे माता! मेरे द्वारा किया गया पूजन और पाठ आपके साथ सभी देवगणों की प्रसन्नता के लिए है; मेरा कुछ नहीं।" अंत में माता को भक्तिपूर्वक प्रणाम कर प्रसाद उठाकर ग्रहण करें और बाँट दें। नवरात्र के नौ दिनों तक इसी प्रकार करके दशमी को विसर्जन करें। पाठ का यह क्रम नौ दिन रात तक रहेगा। दशमी को अन्य पाठ करते हुए अध्याय में चौथा या पांचवाँ या ग्यारहवाँ किसी 1 अध्याय का पाठ करें क्योंकि ये स्तुति-अध्याय हैं। संभव हो तो पूरे अध्याय का भी पाठ किया जा सकता है।

❑ पाठ का दूसरा नियम उनके लिए जो प्रतिदिन तेरह अध्यायों का पाठ नहीं कर सकते हैं वे शेष पाठ के नियम उपर की विधि से

करके अध्याय पाठ में प्रथम दिन में 2 से 4 अध्याय मध्यमचरित फिर दूसरे दिन प्रथम चरित्र यानी केवल प्रथम अध्याय तीसरे दिन 5 से 13 अध्याय। फिर इसी क्रम को दुहरावें तो 9 दिनों में तीन-तीन दिन के अन्तराल से 3 सम्पूर्ण पाठ पूरा होता है। फिर अध्याय समाप्त होने पर शेष पूर्व निर्देश से करें।

❑ पाठ की तीसरी विधि है कि प्रथम दिन प्रथम चरित यानी प्रथम अध्याय, दूसरे दिन मध्यम चरित यानी 2 से 4 थे अध्याय तक, तीसरे दिन उत्तरचरित यानी 5वें से 13वें अध्याय तक, फिर इसी क्रम को दुहरा दें। इस प्रकार 9 दिन में तीन पाठ सम्पन्न होता है। इसमें भी अध्याय पाठ के पहले और बाद का पाठ-जपादि पूर्व निर्देश से ही करें।

❑ पाठ की चौथी विधि है जो शास्त्रों में तो वर्णित नहीं है किन्तु आम-आवाम जनमानस के लाभ के लिए अभ्यासी और रूचि-लेने वाले सामान्य लोगों के लिए श्रेष्ठ शाक्तोपासक बताते हैं - विधि यह है कि नौ दिन में एक सम्पूण पाठ यानी 13 अध्याय का पाठ करना इसका क्रम है पहले दिन 1 अध्याय, दूसरे दिन 2, और 3 अध्याय, तीसरे दिन 4 था अध्याय, चौथे दिन 5 वाँ अध्याय, पांचवें दिन 6 और 7 अध्याय छठे दिन 8 वाँ अध्याय, सातवें दिन 9 वाँ तथा 10 वाँ अध्याय, आठवें दिन - 11 वाँ एवं 12 वाँ अध्याय, नौवें दिन - 13 वाँ अध्याय पाठ करना है। शेष पाठ कार्य यानी अध्याय पाठ के पहले और बाद में उपर लिखित विधियों से ही पाठ कार्य करें।

❑ पांचवी विधि जो सबसे सरल और जिज्ञासुओं के लिए क्रमशः पहले शपोद्धार फिर सिद्ध कुजिका, फिर कवच, अर्गला, कीलक इसके बाद चौथी विधि से अध्याय-क्रम पाठ फिर तीनों रहस्य इच्छा हो तो कोई भी नाम माला या स्तुति फिर आरती और क्षमा-प्रार्थना।

इनमें से समय, इच्छा, अधिकार, योग्यता क्षमता के अनुसार किसी भी विधि से साधक पाठ कर सकता है। विशेष विधि अगले संस्करण में जुटेगा।

विषय-सूची

क्रं०	अध्याय	पृ० सं०
1.	आत्म-निवेदन	3
2.	प्रकाशकीय	9
3.	पूजन और दुर्गापाठ विधि	10
4.	श्रीचण्डिकाशापविमोचन	17
5.	श्रीसिद्धकुंजिकास्तोत्रम्	20
6.	श्रीदेव्याः कवचम्	22
7.	श्री अर्गला-स्तोत्रम्	28
8.	श्री कीलक-स्तोत्रम्	31
9.	श्री-वेदोक्तम् रात्रिसूक्तम्	33
10.	श्री तन्त्रोक्तं रात्रिसूक्तम्	34
11.	श्रीदेव्यथर्व-शीर्षम्	36
12.	प्रथमोऽध्याय	50
13.	द्वितीयोऽध्याय	60
14.	तृतीयोऽध्याय	68
15.	चतुर्थोऽध्याय	73
16.	पञ्चमोऽध्याय	79
17.	षष्ठोऽध्याय	88
18.	सप्तमोऽध्याय	91
19.	अष्टमोऽध्याय	94
20.	नवमोऽध्याय	101
21.	दशमोऽध्याय	106
22.	एकादशोऽध्याय	110
23.	द्वादशोऽध्याय	116
24.	त्रयोदशोऽध्याय	120
25.	श्री नवार्ण मंत्र जपविधि	123
26.	श्रीऋग्वेदोक्तदेवीसूक्तम्	133
27.	प्राधानिक रहस्यम्	138
28.	वैकृतिकम् रहस्यम्	142
29.	श्री मूर्ति-रहस्यम्	146
30.	श्रीदेवीमयी (देवी-स्तुति)	149
31.	श्रीसप्त श्लोकी दुर्गा स्तोत्रम्	150
32.	श्रीदुर्गा मानस-पूजा	152
33.	श्रीदुर्गाद्वात्रिंशन्नामाला	155
34.	दुर्गाष्टोत्तरशतनामस्तोत्रम्	156
35.	श्रीचण्डिका-हृदयम्	158
36.	श्रीचण्डिकाम् दलम्	161
37.	श्रीरामकृत दुर्गास्तुतिः	164
38.	श्रीकृष्णकृत-दुर्गास्तोत्रम्	166
39.	श्रीदुर्गाष्टकम्	169
40.	श्रीभवान्यष्टकम्	171
41.	श्रीमदाद्य-शंकराचार्यकृत	173
42.	आरती	175-183
43.	क्षमा-प्रार्थना	184

श्रीचण्डिका-शाप-विमोचन मंत्र

(शापोद्धार)

विनियोग :-

ॐ अस्य श्री चण्डिकाया ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शाप-विमोचन मंत्रस्य वसिष्ठ-नारद-संवाद-साम-वेदाधि-पति-ब्रह्माण ऋषय: सर्वे- श्वर्य- कारिणी श्रीदुर्गा देवता चरित्र-त्रयम् बीजम् ह्रीम् शक्ति:त्रिगुणात्म-स्वरूप चण्डिका-शाप-विमुक्तौ मम संकल्पित-कार्य सिद्ध्यर्थे जपे विनियोग:।

ॐ (ह्रीं) रीं रेत: स्वरूपिण्यै मधु-कैटम-मर्दिन्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।1।।

ॐ श्रीं बुद्धि स्वरूपिण्यै महिषासुर-सैन्य-नाशिन्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।2।।

ॐ रं रक्त-स्वरूपिण्यै महिषासुर-मर्दिन्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।3।।

ॐ क्षुं क्षुधा स्वरूपिण्यै देव-वंदितायै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।4।।

ॐ छां छाया - स्वरूपिण्यै दूत -संवादिन्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।5।।

ॐ शं शक्ति-स्वरूपिण्यै धूम्र-लोचन-घातिन्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।6।।

ॐ तृं तृषा- स्वरूपिण्यै चण्ड - मुण्ड-वध-कारिण्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।7।।

ॐ क्षां क्षान्ति-स्वरूपिण्यै रक्तबीज-वध-कारिण्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।8।।

ॐ जां जाति-स्वरूपिण्यै निशुम्भ-वध-कारिण्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।9।।

ॐ लं लज्जा-स्वरूपिण्यै शुम्भ-वध-कारिण्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।10।।

ॐ शां शान्ति - स्वरूपिण्यै देव - स्तुत्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।11।।

ॐ श्रं श्रद्धा - स्वरूपिण्यै सफल -फल-दात्र्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।12।।

ॐ कां कान्ति - स्वरूपिण्यै राजवर -प्रदायै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।13।।

ॐ मां मातृ - स्वरूपिण्यै अनर्गल - महिम - सहितायै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।14।।

ॐ ह्रीं श्रीं दुं दुर्गायै सं सर्वे-श्वर्य - कारिण्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।15।।

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नम: शिवायै अभेद्य-कवच-स्वरूपिण्यै ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।16।।

ॐ क्रीं काल्यै कालि ह्रीं फट् स्वाहायै ऋग्वेद-स्वरूपिण्यै
ब्रह्म-वसिष्ठ-विश्वामित्र-शापाद् विमुक्ता भव।।17।।

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं महाकाली - महालक्ष्मी- महासरस्वती-
स्वरूपिण्यै त्रिगुणात्मिकायै दुर्गा-देव्यै नमः।।18।।

इत्येवम् हि महा-मन्त्रान् पठित्वा परमेश्वर।
चण्डी-पाठम् दिवा रात्रौ कुर्या-देव न संशयः।।19।।

एवम् मन्त्रम् न जानाति चण्डी-पाठम् करोति यः।
आत्मानम् चैव दातारम् क्षीणम् कुर्यान्न संशयः।।20।।

•••

श्रीसिद्ध-कुंजिका-स्तोत्रम्



शिव उवाच

शृणु देवि! प्र-वक्ष्यामि कुंजिका-स्तोत्र-मुत्तमम्।
येन मन्त्र-प्रभा वेण चण्ड-जापः शुभो भवेत्।।1।।

ार्गला-स्तोत्रम् कीलकम न रहस्यकम्।
ा ध्यानम् च न न्यासो न च वाऽर्चनम्।।2।।

ठ-मात्रेण दुर्गा-पाठ-फलम् लभेत्।
रम् देवि! देवा-नामपि-दुर्लभम्।।3।।

प्रयत्नेन स्व-योनि-रिव पार्वति।
मारणम् मोहनम् वश्यम् स्तंभ-नोच्चाट-नादिकम्।।
पाठ-मात्रेण संसिद्ध-येत् कुंजिका-स्तोत्र-मुत्तमम्।।4।।

मंत्र - ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे।।
ॐ ग्लौं हुं क्लीं जूं सः ज्वालय ज्वालय ज्वल ज्वल प्रज्वल
प्रज्वल ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ज्वल हं सं लं क्षं फट् स्वाहा।

नमस्ते रूद्र-रूपिण्यै नमस्ते मधु-मर्दिनी।
नमः कैटभ-हारिण्यै नमस्ते महिषा-मर्-दिनी।।1।।

नमस्ते शुम्भ-हन्त्र्यै च निशुम्भा सुर-घातिनी।।2।।

जाग्रतम् हि महादेवि! जपम् सिद्धम् कुरुष्व मे।
ऐंकारी सृष्टि-रूपायै ह्रींकारी प्रति-पालिका।।3।।

क्लींकारी काम-रूपिण्यै बीज-रूपे नमोऽस्तु ते।
चामुण्डा चण्डघाती च यैकारी वरदायिनी।।4।।

विच्चे चाभयदा नित्यम् नमस्ते मंत्र-रूपिणी।।5।।

धां धीं धूं धूर्जटेः पत्नी वां वीं वूं वाग-धीश्वरी।
क्रां क्रीं क्रूं कालिका देवि शां शीं शूं मे शुभम् कुरु।।6।।

हुं हुं हुंकार-रूपिण्यै जं जं जं जम्भ-नादिनी।
भ्रां भ्रीं भ्रूं भैरवी भद्रे भवान्यै ते नमो नमः।।7।।

अं कं चं टं तं पं यं शं वीं दुं ऐं वीं हं क्षं।
धिजाग्रं धिजाग्रं त्रोटय त्रोटय दीप्तम् कुरु कुरु स्वाहा।।8।।

पां पीं पूं पार्वती पूर्णा खां खीं खूं खेचरी तथा।
सां सीं सूं सप्तशती देव्या मंत्र-सिद्धिम् कुरुष्व मे।।9।।

इदम् तु कुंजिका-स्तोत्रम् मंत्र-जागर्ति-हेतवे।
अभक्ते नैव दातव्यम् गोपितम् रक्ष पार्वति।।10।।

यस्तु कुंजिकया देवि हीनाम् सप्तशतीम् पठेत्।
न तस्य जायते सिद्धि-ररण्यै रोदनम् यथा।।11।।

श्री सिद्ध-कुंजिका-स्तोत्रम् श्रीदुर्गार्पण-मस्तु

श्रीदेव्याः कवचम्

ॐ अस्य श्रीचण्डी - कवचस्य ब्रह्मा ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः, चामुण्डा देवता, अंग - न्यासोक्त मातरो बीजम् दिग्बन्ध - देवतास् - तत्त्वम् श्री जगदम्बा - प्रीत्यर्थे सप्तशती - पाठ- अंगत्वेन जपे विनियोगः।

।।ॐ नमश्चण्डिकायै।।

मार्कण्डेय उवाच

ॐ यद् गुह्यम् परमम् लोके सर्व-रक्षा-करम् नृणाम्।
यन्न कस्य-चिदा-ख्यातम् तन्मे ब्रूहि पितामह।।1।।

ब्रह्मोवाच

अस्ति गुह्य-तमम् विप्र सर्व-भूतोप-कारकम्।
देवास्तु कवचम् पुण्यम् तच्-छृणुष्व महामुने।।2।।

प्रथमम् शैलपुत्री च द्वितीयम् ब्रह्मचारिणी।
तृतीयम् चन्द्र घण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम्।।3।।

पंचमम् स्कन्द-मातेति षष्ठम् कात्या-यनीति च।
सप्तमम् काल-रात्रीति महा-गौरीति चाष्ट-मम्।।4।।

नवमम् सिद्धि-दात्री च नव दुर्गाः प्र-कीर्ति-ताः।
उक्तान्ये-तानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मना।।5।।

अग्निना दह्य-मानस्तु शत्रु-मध्ये गतो रणे।
विषमे दुर्गमे चैव भयार्त्ताः शरणम् गताः।।6।।

न तेषाम् जायते किंचिद-शुभम् रण-संकटे।
नापदम् तस्य पश्यामि शोक-दुःख-भयम् न हि।।7।।

यैस्तु भक्त्या स्मृता नूनम् तेषाम् वृद्धिः प्रजायते।
ये त्वाम् स्मरन्ति देवेशि रक्षसे तान्न संशयः।।8।।

प्रेत-संस्था तु चामुण्डा वाराही महिषा-सना।
ऐन्द्री गज-समा-रूढ़ा वैष्णवी गरूडासना।।9।।

माहेश्वरी वृषारूढा कौमारी शिखि-वाहना।
लक्ष्मीः पद्मासना देवी पद्म-हस्ता हरिप्रिया।।10।।

श्वेत-रूप-धरा देवी ईश्वरी वृष -वाहना।
ब्राह्मी हंस-समा-रूढा सर्वा-भरण-भूषिता।।11।।

इत्येता मातरः सर्वाः सर्व-योग-समन्विता।
नाना-भरण-शोभाढ्या नाना-रत्नोप-शोभिता।।12।।

दृश्यन्ते रथ-मारूढा देव्यः क्रोध-समा-कुलाः।
शंखम् चक्रम् गदाम् शक्तिम् हलम् च मुसला-युधम्।।13।।

खेटकम् तोमरम् चैव परशुम् पाशमेव च।
कुन्ता-युधम् त्रिशूलम् च शारंग-मायुध-मुत्तमम।।14।।

दैत्या नाम् देह-नाशाय भक्तानाम्-भयाय च।
धार-यन्त्या-युधा-नीत्थम् देवानाम् च हिताय वै।।15।।

नमस्तेऽस्तु महा-रौद्रे महा-घोर-पराक्रमे।
महाबले महोत्साहे महा-भय-विनाशिनि।।16।।

त्राहि माम् देवि दुष्-प्रेक्ष्ये शत्रूणाम् भय-वर्धिनि।
प्राच्याम् रक्षतु मामैन्द्री आग्नेय्या-मग्नि-देवता।।17।।

दक्षिणे-अवतु वाराही नैर्-ऋत्याम् खड्ग-धारिणी।
प्रती च्याम् वारुणी रक्षेद् वायव्याम् मृग-वाहिनी।।18।।

उदीच्याम् पातु कौमारी ऐशान्याम् शूल-धारिणी।
ऊर्ध्वम् ब्रह्माणि मे रक्षेद्-अधस्ताद् वैष्णवी तथा।।19।।

एवम् दश दिशो रक्षेद्-चामुण्डा शव-वाहना।
जया मे चाग्र-तः पातु विजया पातु पृष्ठतः।।20।।

अजिता वाम-पार्श्वे तु दक्षिणे चाप-राजिता।
शिखा- मुद्यो-तिनी रक्षेदुमा मूर्ध्नि व्यवस्थिता।।21।।

मालाधरी ललाटे च भ्रुवौ रक्षेद् यशस्विनी।
त्रिनेत्रा च भ्रुवोर-मध्ये यम-घण्टा च नासिके।।22।।

शंखिनी चक्षु-षोर-मध्ये श्रोत्र-योर्-द्वार-वासिनी।
कपोलौ कालिका रक्षेत्-कर्ण-मूले तु शांकरी।।23।।

नासिका-याम् सुगन्धा च उत्तरोष्ठे च चर्चिका।
अधरे चामृत-कला जिह्वा-याम् च सरस्वती।।24।।

दन्तान् रक्षतु कौमारी कण्ठ - देशे तु चण्डिका।
घण्टिकाम् चित्र-घण्टा-च महा-माया च तालुके।।25।।

कामाक्षी चिबुकम् रक्षेद् वाचम् मे सर्व-मंगला।
ग्रीवा-याम् भद्रकाली च पृष्ठ-वंशे धनुर्-धरी।।26।।

नीलग्रीवा वहिः कण्ठे नलिकाम् नल-कूबरी।
स्कन्धयोः खड्गिनी रक्षेद् बाहू मे बज्र-धारिणी।।27।।

हस्तयोर्-दण्डिनी रक्षे-दम्बिका चांगु-लीषु च
नखाञ्-छूलेश्वरी रक्षेत्-कुक्षौ रक्षेत्-कुलेश्वरी।।28।।

स्तनौ रक्षेन्- महादेवी मनः शोक-विनाशिनी।
हृदये ललिता देवी उदरे शूल-धारिणी।।29।।

नाभौ च कामिनी रक्षेद् गुह्यम् गुह्येश्वरी तथा।
पूतना कामिका मेढ्रम गुदे महिष-वाहिनी।।30।।

कट्याम् भगवती रक्षेत्-जानुनी विन्ध्य-वासिनी।
जंघे महाबला रक्षेत्-सर्व-काम-प्रदायिनी।।31।।

गुल्फयोर् नारसिंही च पाद-पृष्ठे तु तैजसी।
पादांगु-लीषु श्री रक्षेत् पादा-धस्तल-वासिनी।।32।।

नखान् द्रंष्ट्रा-कराली च केशांश्-चैवोर्ध्व-केशिनी।
रोम कूपेषु कौबेरी त्वचम् वागीश्वरी तथा।।33।।

रक्त-मज्जा-वसा-मांसा-न्यस्थि-मेदांसि पार्वती।
अन्त्राणि काल-रात्रिश्च पित्तम् च मुकुटेश्वरी।।34।।

पद्मा-वती पद्म-कोशे कफे चूड़ा-मणिस्-तथा।
ज्वाला-मुखी नख-ज्वाला-मभेद्या सर्व-संधिषु।।35।।

शुक्रम् ब्रह्माणि मे रक्षेत्-छायाम् छत्रेश्वरी तथा।
अहंकारम् मनो बुद्धिम् रक्षेन्-मे धर्म-धारिणी।।36।।

प्राणा-पानौ तथा व्यान-मुदानम् च समानकम्।
वज्र-हस्ता च मे रक्षेत् प्राणम् कल्याण-शोभना।।37।।

रसे रूपे च गंधे च शब्दे स्पर्शे च योगिनी।
सत्त्वम् रजस्-तमश्चैव रक्षेन्-नारायणी सदा।।38।।

आयु रक्षतु वाराही धर्मम् रक्षतु वैष्णवी।
यशः कीर्तिम् च लक्ष्मीम् च धनम् विद्याम् च चक्रिणी।।39।।

गोत्र-मिंद्राणि मे रक्षेत् पशून्मे रक्ष चण्डिके।
पुत्रान् रक्षेन्-महा-लक्ष्मी भार्याम् रक्षतु भैरवी।।40।।

पन्थानम् सुपथा रक्षेन्-मार्गम् क्षेमकरी तथा।
राज-द्वारे महा-लक्ष्मीर्-विजया सर्वतः स्थिता।।41।।

रक्षा-हीनम् तु यत्-स्थानम् वर्जितम् कवचेन तु।
तत्-सर्वम् रक्ष मे देवि जयन्ती पाप-नाशिनी।।42।।

पदमेकम् न गच्छेत् तु यदीच्छेत्-छुभ-मात्मनः।
कवचे-नावृतो नित्यम् यत्र यत्रैव गच्छति।।43।।

तत्र-तत्रार्थ-लाभश्च विजयः सार्व-कामिकः।
यम् यम् चिन्तयते कामम् तम् तम् प्राप्नोति निश्चितम्।
परमैश्वर्य-मतुलम् प्राप्-स्यते भूतले पुमान्।44।।

निर्भयो जायते मर्त्ये संग्रामेष्व-पराजितः।
त्रैलोक्ये तु भवेत्-पूज्यः कवचे-नावृतः पुमान्।।45।।

इदम् तु देव्याः कवचम् देवा नामपि दुर्लभम्।
यः पठेत् प्रयतो नित्यम् त्रिसन्ध्यम् श्रद्ध-यान्वितम्।।46।।

दैवी कला भवेत् तस्य त्रैलोक्येष्व-पराजितः।
जीवेद् वर्ष-शतम् साग्र-मप-मृत्यु-विवर्जितः।।47।।

नश्यन्ति व्याधयः सर्वे लूता-विस्फोट-कादयः।
स्थावरम् जंगमम् चैव कृत्रिमम् चापि यद्-विषम्।।48।।

अभि-चाराणि सर्वाणि मंत्र-यंत्राणि भूतले।
भूचराः खेचराश्-चैव जलजाश्-चोप-देशिकाः।।49।।

सहजा कुलजा माला डाकिनी शाकिनी तथा।
अन्तरिक्ष-चरा घोरा डाकि-न्यश्च महा-बलाः।।50।।

ग्रह-भूत-पिशा-शाश्च यक्ष-गंधर्व-राक्षसाः।
ब्रह्म-राक्षस वेताला: कूष्माण्डा भैरवादयः।।51।।

नश्यन्ति दर्शनात्-तस्य कवचे हृदि संस्थिते।
मानोन्नतिर् भवेद् राज्ञस्-तेजो-वृद्धि-करम् परम्।।52।।

यशसा वर्धते सोऽपि कीर्ति-मंडित-भूतले।
जपेत् सप्त-शतीम् चण्डीम् कृत्वा तु कवचम् पुरा।।53।।

यावद्-भूमण्डलम् धत्ते सशैल-वन-काननम्।
तावत् तिष्ठति मेदिन्याम् संततिः पुत्र-पौत्रिकी।।54।।

देहान्ते परमम् स्थानम् यत्-सुरैरपि दुर्लभम्।
प्राप नोति पुरुषो नित्यम् महा-माया-प्रसादतः।।55।।

लभते परमम् रूपम् शिवेन सह मोदते।।ॐ।।56।।

श्री देव्याः कवचम् दुर्गा-अर्पण-मस्तु

श्री अर्गला-स्तोत्रम्

ॐ अस्य श्री-अर्गला स्तोत्र-मंत्रस्य विष्णुः ऋषिः, अनुष्टुप छन्द, श्री महा-लक्ष्मीः देवता, श्री जगदम्बा-प्रीतये सप्तशती पाठ अंगत्वेन जपे विनियोगः।

।।ॐ नमश्चण्डिकायै।।

मार्कण्डेय उवाच

ॐजयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तु ते।।1।।

जय त्वम् देवि चामुण्डे जय भूतार्ति-हारिणि।
जय सर्व-गते देवि काल-रात्रि नमोऽस्तु ते।।2।।

मधु-कैटभ-विद्रा-विविधातृ-वरदे नमः।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।3।।

महिषासुर-निर्णाशि भक्तानाम् सुखदे नमः।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।4।।

रक्त-बीज-वधे देवि चण्ड-मुण्ड-विनाशिनी।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।5।।

शुम्भ-स्यैव निशुम्भस्य धूम्रा-क्षस्य च मर्दिनी।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।6।।

वन्दि-तांघ्रि-युगे देवि सर्व-सौभाग्य-दायिनि।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।7।।

अचिन्त्य-रूप-चरिते सर्व-शत्रु-विनाशिनि।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।8।।

नतेभ्यः सर्वदा भक्त्या चंडिके दुरितापहे।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।9।।

स्तु-वदभ्यो भक्ति-पूर्वम्त्वाम् चण्डिके व्याधि-नाशिनि।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।10।।

चण्डिके सतत् ये त्वामर्च-यन्तीह भक्तितः।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।11।।

देहि सौभाग्य-मारोग्यम् देहि मे परमम् सुखम्।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।12।।

विधेहि द्विषताम् नाशम् विधेहि बल-मुच्चकैः।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।13।।

विधेहि देवि कल्याणम् विधेहि परमाम् श्रियम्।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।14।।

सुरा-सुर-शिरो-रत्न-निघृष्ट चरणे-अम्बिके।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।15।।

विद्या-वन्तम् यशस्वन्तम् लक्ष्मी-वन्तम् जनम् कुरू।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।16।।

प्रचण्ड-दैत्य-दर्पघ्ने चण्डिके प्रणताय मे।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।17।।

चतुर्-भुजे चतुर्-वक्त्र-संस्तुते परमेश्वरी।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।18।।

कृष्णेन संस्तुते देवि शश्वद्-भक्त्या सदाम्बिके।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।19।।

हिमाचल-सुता-नाथ-संस्तुते परमेश्वरि।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।20।।

इन्द्राणी-पति-सद्भाव-पूजिते परमेश्वरि।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।21।।

देवि प्रचण्ड-दोर्दण्ड-दैत्य-दर्प-विनाशिनि।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।22।।

देवि-भक्त-जनोद्दाम-दत्ता-नन्दो-दयेऽम्बिके।
रूपम् देहि जयम् देहि, यशो देहि द्विषो जहि।।23।।

पत्नीम् मनोरमाम् देहि मनो-वृता-नुसारिणीम्।
तारिणीम् दुर्ग-संसार-सागरस्य कुलोद्-भवाम्।।24।।

इदम् स्तोत्रम् पठित्वा तु महा-स्तोत्रम् पठेन्नरः।
स तु सप्तशती-संख्या-वर-माप्नोति सम्पदा।।ॐ25।।

श्रीअर्गला-स्तोत्रम् श्री दुर्गा अर्पण-मस्तु

श्री कीलक-स्तोत्रम्

ॐ अस्य श्री-कीलक-मंत्रस्य शिव ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्री महा-सरस्वती देवता, श्री जगदम्बा-प्रीत्यर्थम् सप्तशती-पाठ-अंगत्वेन जपे विनियोगः।

ॐ नमश्चण्डिकायै

मार्कण्डेय उवाच

ॐविशुद्ध-ज्ञान-देहाय त्रिवेदी-दिव्य-चक्षुषे।
श्रेयः प्राप्ति-निमित्ताय नमः सोमार्ध-धारिणे।।1।।

सर्व-मेतत्-विजा-नीयान्-मंत्राना-मभि-कीलकम्।
सोऽपि क्षेम-मवाप्-नोति सततम् जाप्य तत्परः।।2।।

सिद्ध-यन्त्युच्-चाटना-दीनि वस्तूनि सक लान्यपि।
एतेन स्तुवताम् देवी स्तोत्र-मात्रेण-सिद्ध्यति।।3।।

न मंत्रो नौषधम् तत्र न किंचिदपि विद्यते।
विना जाप्येन सिद्ध्येत् सर्व-मुच्चा-टना-दिकम्।।4।।

समग्रा ण्यपि सिद्ध्यन्ति लोक-शंका-मिमाम् हरः।
समाप्तिर् न च पुण्यस्य ताम् यथा-वन्नि यंत्र-णाम।।5।।

स्तोत्रम् वै चण्डिका-यास्तु तच्च गुप्तम् चकार सः।
समाप्तिर्-न च पुण्यस्य ताम् यथा-वन्नियंत्र-णाम्।।6।।

सोऽपि क्षेम-मवाप्-नोति सर्व-मेवम् न संशयः।
कृष्णा याम् वा चतुर्-दश्याम् अष्टम्याम्वा समाहितः।।7।।

ददाति प्रति-गृह्णाति नान्य-थैषा प्रसीदति।
इत्थम्-रूपेण कीलेन महादेवेन कीलितम्।।8।।

यो निष्कीलाम् विधायै-नाम् नित्यम् जपति संस्फुटम्।
स सिद्धः स गणः सोऽपि गंधर्वो जायते नरः।।9।।

न चैवाप्य-टतस्-तस्य भयम् क्वापीह जायते।
नामप-मृत्यु-वशम् याति मृतो मोक्ष-मवाप् नुयात्।।10।।

ज्ञात्वा प्रारभ्य कुर्वीत न कुर्वाणो विनश्यति।
ततो ज्ञात्वैव सम्पन्न-मिदम् प्रारभ्यते बुधैः।।11।।

सौभाग्यादि च यत्-किंचिद दृश्यते ललना-जने।
तत्-सर्वम् तत्-प्रसादेन तेन जाप्य-मिदम् शुभम्।।12।।

शनैस्तु जप्य-माने-अस्मिन स्तोत्रे सम्पत्ति-रूच्चकैः।
भवत्येव समग्रापि ततः प्रारभ्य-मेव तत्।।13।।

एश्वर्यम् यत्-प्रसादेन सौभाग्या रोग्य सम्पदः।
शत्रु ह्रानिः परो मोक्षः स्तूयते सा न किम् जनैः।।ॐ।।14।।

श्रीकीलक-स्तोत्रम् श्री-दुर्गा-अर्पण-मस्तु

श्री-वेदोक्तम् रात्रिसूक्तम्

ॐ रात्री-त्या-द्यष्टर-चस्य सूक्तस्य कुशिकः
सौभरो रात्रिर्-वा भारद्वाजो ऋषिः,
रात्रिर्-देवता, गायत्री द्दन्दः, देवी- महात्म्य पाठे विनियोगः।

ॐ रात्री व्यख्य-दायती पुरुत्रा देव्यक्ष-भिः।
विश्वा अधि श्रयोऽ-धित।।1।।

ज्येातिषा बाधते तमः।।2।।

निरु स्व-सार-मस्-कृतो-षसम् देव्या-यती।
अपेदु हासते तमः।।3।।

सा नो अद्य यस्या वयम् नि ते यामन्न- विक्ष्महि।
वृक्षे न वसतिम् वयः।।4।।

नि ग्रा-मासो अवि- क्षत नि पद्वन्तो नि पक्षिणः।
नि श्ये -नासश्-चिदर्- थिनः।।5।।

यावया वृक्यम् वृकम् यवय स्तेन मूर्म्ये।
अथा नः सुतरा भव।।6।।

उप मा पेपि-शत्तमः कृष्णम् व्यक्त-मस्थित।
उष ऋणेव यातय।।7।।

उप ते गा इवा-करम् वृ-णीष्व दुहितर् दिवः।
रात्रि स्तोमम् न जिग्युषे।।8।।

श्रीऋग्वेदोक्त रात्रिसूक्तम् अम्बा-अर्पणमस्तु

श्री तन्त्रोक्तं रात्रिसूक्तम्

विश्वे-श्वरीम् जगद्-धात्रीम् स्थिति-संहार-कारि-णीम्।
निद्राम् भगवतीम् विष्णोर्-तुलाम् तेजसः प्रभुः।।1।।

ब्रह्मोवाच।।2।।

त्वम् स्वाहा त्वम् स्वधा त्वम् हि वषट्कारः स्वरात्मिका।।3।।

सुधा त्व-मक्षरे नित्ये त्रिधा मात्रात्-मिका स्थिता।
अर्ध -मात्रा-स्थिता नित्या यानु च्चार्या विशेषतः।।4।।

त्वमेव संध्या सावित्री त्वम् देवि जननी परा।
त्वयै-तत्-धार्यते विश्वम् त्वयै-तत्-सृज्यते जगत्।।5।।

त्वयै-तत्-पाल्यते देवि त्वमत्-स्यन्ते च सर्वदा।
विसृष्टौ सृष्टिरूपा त्वम् स्थिति-रूपा च पालने।।6।।

तथा संहृति-रूपान्ते जगतोऽस्य जगन्-मये।
महाविद्या महामाया महामेधा महास्मृतिः।।7।।

महामोहा च भवती महादेवी महासुरी।
प्रकृतिस्-त्वम् च सर्वस्य गुण-त्रय-विभाविनी।।8।।

काल रात्रिर्-महा-रात्रिर-मोह-रात्रिश्च दारूणा।
त्वम् श्रीस्-त्वमी श्वरी त्वम् ह्रीस्-त्वम् बुद्धिर-बोध-लक्षणा।।9।।

लज्जा पुष्टिस्-तथा तुष्टिस्-त्वम् शान्तिः क्षान्तिरेव च।
खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा।।10।।

शंखिनी चापिनी बाण-भुशुण्डी-परिघा-युधा।
सौम्या सौम्य-तरा-शेष सौम्ये-भ्यस्-त्वति-सुन्दरी।।11।।

परा-पराणाम् परमा त्वमेव परमेश्वरी।
यच्च किंचित्- क्वचिद्-वस्तु सद-सद्वा-खिला त्मिके।।12।।

तस्य सर्वस्य या शक्तिः सा त्वम् किम् स्तूयसे तदा।
यया त्वया जगत्-स्रष्टा जगत्-पात्यत्ति यो जगत्।।13।।

सोऽपि निद्रा-वशम् नीतः कस्-त्वाम् स्तोतु-मिहेश्वरः।
विष्णुः शरीर-ग्रहण-मह-मीशान एव च।।14।।

कारि-तास्ते यतो-अतस्-त्वाम् कः स्तोतुम् शक्तिमान् भवेत्।
सा त्व-मित्थम् प्रभावैः स्वैरू-दारैर्-देवि-संस्तुता।।15।।

मोह-यैतौ दुरा-धर्षा-वसुरौ मधु-कैटभौ।
प्रबोधम् च जगत्-स्वामी नीयता-मच्युतो लघु।।16।।

बोधश्च क्रियता-मस्य हन्तु मेतौ महासुरौ।।17।।

तंत्रोक्तं रात्रिसूक्तं श्री अम्बा-अर्पण मस्तु



श्रीदेव्यथर्व-शीर्षम्

ॐ सर्वे वै देवा देवी-मुप-तुस्थुः कासि त्वम् महा-देवीति।।1।।

साब्र-वीत-अहम् ब्रह्म-स्व-रूपिणी। मत्तः प्रकृति-पुरु-
षात्-मकम् जगत्। शून्यम् चा-शून्यम् च।।2।।

अम्मा-नन्दा-नन्दौ। अहम् विज्ञाना-विज्ञाने।
अहम् ब्रह्मा-ब्रह्मणी वेदितव्ये। अहम् पंच-भूतान्य-पंच- भूतानि।
अह - मखिलम् जगत्।।3।।

वेदो ऽ-हम-वेदो ऽ-हम। विद्या-हमविद्या-हम्।
अजा- हमन-जाहम्। अधश्-चोर्-ध्वम्-च तिर्यक्- चाहम्।।4।।

अहम्-रुद्रे-भिर्-वसु-भिश्-चरामि। अहमा-दित्यै-रुत विश्व-देवैः।
अहम् मित्रा-वरुणा-वुभौ विभर्-मि।
अह-मिन्द्रा-ग्नी अह-मश्वि-ना-वुभौ।।5।।

अहम् सोमम् त्वष्टारम् पूष्णम् भगम् दधामि।
अहम् विष्णु-मुरु-क्रमम् ब्रह्माण-मुत प्रजा-पतिम् दधामि।।6।।

अहम् दधामि द्रविणम् हविष्-मते सुप्राव्ये यजमान्नाय सुन्वते।
अहम् राष्ट्री संगमनी वसूनाम् चिकितुषी प्रथमा यज्ञिया-नाम।
अहम् सुवे पितर-मस्य मूर्-धन-मम योनि-रप्-स्वन्तः समुद्रे।
य एवम् वेद। स दैवीम् सम्पद-माप्नोति।।7।।

ते देवा अब्रु-वन्

नमो देव्यै महा-देव्यै शिवायै सततम् नमः।
नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम्।।8।।

तमाग्नि-वर्णाम् तपसा ज्वलन्तीम् वैरोचनीम् कर्म-फलेषु जुष्टाम्।
दुर्गाम् देवीम् शरणम् प्रपद्या-महेऽ-सुरान्-नाश-यित्र्यै ते नमः।।9।।

देवीम् वाचम् जनयन्त देवास्- ताम् विश्व-रूपा पश्वो वदन्ति।
सा नो मन्द्रेष-मूर्जम्-दुहाना धेनुर्- वागस्-मानुप सुष्ठु-तैतु।।10।।

काल-रात्रीम् ब्रह्म-स्तुताम् वैष्णवीम् स्कंद-मातरम्।
सरस्वती-मदितिम् दक्ष-दुहितरम् नमामः पावनाम् शिवाम्।।11।।

महा-लक्ष्म्यै च विद्महे सर्व-शक्त्यै च धीमहि। तन्नो देवी प्रचोदयात्।।12।।

अदितिर्-ह्य-जनिष्ट दक्ष या दुहिता तव। ताम् देवा
अन्व-जायन्त भद्रा अमृत-बन्धवः।।13।।

कामो योनिः कमला वज्र-पाणिर्-गुहा हसा
मात-रिश्वा-भ्रमिन्द्रः। पुनर्-गुहा सकला मायया च
पुरु-च्यैषा विश्व-माता-दिवि-द्योम्।।14।।

एषाऽऽत्म-शक्तिः। एषा विश्व-मोहिनी। पा-शांकुश-धनुर्-बाण-धरा।
एषा श्री-महा-विद्या। य एवम् वेद स शोकम् तरति।।15।।

नमस्ते अस्तु भगवती मातरस्-मान् पाहि सर्वतः।।16।।

सै-षाष्टौ वसवः। सैषै-का दश रुद्राः।
सैषा द्वादशा-दित्याः। सैषा विश्वे-देवाः सोमपा असोम-पाश्च।
सैषा यातु-धाना असुरा रक्षांसि पिशाचा यक्षाः सिद्धाः।
सैषा सत्व-रजस्-तमांसि। सैषा ब्रह्म-विष्णु-रुद्र-रुपिणी।
सैषा प्रजा-पतीन्द्र-मनवः। सैषा ग्रह-नक्षत्र-ज्योतीम्-षि।
कला-काष्ठादि-काल-रूपिणी। ता-महम् प्रणौमि नित्यम्।।

पापा-पहा-रिणीम् देवीम् भुक्ति-मुक्ति-प्रदायिनीम्।
अनन्ताम्विजयाम्शुद्धाम्शरण्याम्शिवदाम्शिवाम्।।17।।

वियदी-कार-संयुक्तम्वीति-होत्र-समन्वितम्। अर्धेन्दु
लसितम् देव्या बीजम् सर्वार्थ-साधकम्।।18।।

एव-मेका-क्षरम् ब्रह्म यतयः शुद्ध-चेतसः।
ध्या-यन्ति परमा-नन्द-मया ज्ञानाम्बु-राशयः।।19।।

वाङ्-माया ब्रह्म-सूस्-तस्मात् षष्ठम् वक्त्र-समन्वितम्।
सूर्योऽ-वाम-श्रोत्र-विन्दु-संयुक्तष् टात्-तृतीयकः।।
नारायणेन सम्मिश्रो वायुश-चाधर-युक्-ततः।
विच्चे नवार्ण-कोऽर्णः स्यान्-महदा-नन्द-दायकः।।20।।

हृत्-पुण्डरीक-मध्य स्थाम् प्रायः सूर्य-सम-प्रभाम्।
पाशांकुश-धराम् सौम्याम् वरदा-भय-हस्त-काम्।
त्रि-नेत्राम्रक्त-वसनाम्भक्त-काम-दुधाम्भजे।।21।।

नमामि त्वाम् महादेवीम् महा-भय-विना-शिनीम्।
महा-दुर्ग-प्रश-मनीम्महा-कारुण्य-रूपिणीम्।।22।।

यस्याः स्वरूपम्ब्रह्मा-दयोः न जानन्ति तस्मा-दुच्यते अज्ञेया।
यस्या अन्तो न लभ्यते तस्मा-दुच्यते अनन्ता।
यस्या लक्ष्यम् नोप-लक्ष्यते तस्मा-दुच्यते अलक्ष्या।
यस्या जननम् नोप-लभ्यते तस्मा-दुच्यते अजा।
एकैव सर्वत्र वर्तते तस्मा-दुच्यते एका।
एकैव विश्व-रूपिणी तस्मा-दुच्यते नैका।
अत एवा-च्यते अज्ञेया-नन्ता-लक्ष्या जैका नैकेति।।23।।

मन्त्रा-णाम् मातृका देवी शब्दा-नाम् ज्ञान-रूपिणी।
ज्ञाना-नाम् चिन्मया-तीता शून्या-नाम् शून्य-साक्षिणी।
यस्याः पर-तरम् नास्ति सैषा दुर्गा प्रकीर्-तिता।।24।।

ताम् दुर्गाम् दुर्ग-माम् देवी दुराचार-विघातिनीम्।
नमामि भव-भीतोऽ-हम् संसा-रार्णव तारिणीम्।।25।।

इद-मथर्व-शीर्षम्योऽ-धीतेस पंचा-थर्व-शीर्ष- जप-फल-माप्नोति।
इद-मथर्व-शीर्षम्-ज्ञात्वा योऽर्-चाम्स्थाप-यति- शत-लक्षम्
प्रजप्- त्वापि सोऽर्-चा-सिद्धिम् न विन्दति।
शत-मष्टोत्तरम्-चास्य पुरश्- चर्या-विधिः स्मृतः।

दश-वारम् पठेत् यस्तु सद्यः पापैः प्रमुच्यते।
महा-दुर्गाणि तरति महा-देव्याः प्रसादतः।।26।।

सायम्-धीयानो दिवस-कृतम् पापम् नाशयति।
सायम् प्रातः प्रयुन्-जानो अपापो भवति।
निशीथे तुरीय-संध्या-याम् जप्-त्वा वाक्-सिद्धिर्-भवति।
नूतना-याम् प्रतियाम् जप्त्वा देवता- सान्निध्यम् भवति।
प्राण-प्रतिष्ठा-याम् जप्-त्वा- प्राणा-नाम् प्रतिष्ठा भवति।
भौमाश्वि-न्याम् महादेवी-सन्निधौ जप्-त्वा महामृत्युम् तरति।
स महा-मृत्युम् तरति य एवं वेद। इत्युप-निषत्।।

श्रीदेव्यथर्व-शीर्षम् श्रीजगदम्बा-अर्पण-मस्तु

श्री नवार्ण मंत्र जपविधि

श्री गणपतिर्-जयति। ॐ अस्य श्रीनवार्ण-मंत्रस्य ब्रह्म-विष्णु-रूद्रा ऋषयः, गायत्रि-उष्णिक् -अनुष्टुपः छन्दांसि, श्री महाकाली-महालक्ष्मी-महा-सरस्वत्यो देवताः, ऐं बीजम्, ह्रीं शक्तिः, क्लीं कीलकम् श्री महाकाली-महालक्ष्मी-महासरस्वती प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः। (इसे पढ़कर जल गिरायें)

ऋष्यादिन्यास-विधि

ब्रह्म-विष्णु-रूद्र ऋषिभ्यो नमः, शिरसि।
(दाएँ हाथ की पाचों ऊँगलियों से यह पढ़कर सिर स्पर्श करें)
गायत्रि उष्णिक्-अनुष्टुप छन्दोभ्यो नमः, मुखे।
(दाएँ हाथ की पाचों ऊँगलियों से यह पढ़कर मुख स्पर्श करें))
महाकाली-महालक्ष्मी-महासरस्वती देवताभ्यो नमः, हृदि।
(दाएँ हाथ की पाचों ऊँगलियों से यह पढ़कर हृदय स्पर्श करें)
ऐं बीजाय नमः, गुह्ये।
(दाएँ हाथ की पाचों ऊँगलियों से यह पढ़कर गुप्तांग संकेत करें)
